मूल्य - 5 रु.

Tara

# तारांशु

मासिक

जुलाई - 2018

वर्ष 6, अंक 10, पृ.सं. 20




## आनन्द वृद्धाश्रम परिसर में नवीन कार्यकलाप

# "आनन्द वृद्धाश्रम भविष्य निधि योजना"

**तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की निरंतर भोजन सेवा, चिकित्सा हेतु भविष्य निधि (Corpus Fund) में सहयोग देवें।**



**वृद्धजन सहयोगी "शांति"**
**रु. 1,00,000/-**

**वृद्धजन सहयोगी "शक्ति"**
**रु. 51,000/-**

**वृद्धजन सहयोगी "आस्था"**
**रु. 21,000/-**

**आपके सहयोग की ब्याज राशि से वृद्धाश्रम के कार्य चलायमान रहेंगे।**

**आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग)**
**01 वर्ष - 60000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 माह - 5000 रु.**

---

**तारा नेत्रालय :**

## रोशनी : बच्चों के नेत्र शिविर

तारा संस्थान की इस नवीन योजना के अन्तर्गत स्कूलों में नेत्र जाँच शिविर लगाकर चेकअप कर, उन्हें मुफ्त में चश्मे दिए जाते हैं। यदि किसी बच्चे को Cataract का Diagnosis होता है तो उनका तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाता है।






अज्ञानी होना उतनी शर्म की बात नहीं है जितना कि सीखने की इच्छा ना रखना।

''तारा संस्थान, उदयपुर''
राजस्थान रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र क्रमांक:
31/उदयपुर/2009-10 दिनांक 25 जून, 2009
द्वारा पंजीकृत है।

आशीर्वाद
**डॉ. कैलाश 'मानव'**
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

आभार
**श्रीमती पुष्पा - श्री एन.पी. भार्गव**
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान,
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

**श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा**
संरक्षक, उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

**श्रीमती सुषमा - श्री सत्यभूषण जैन**
संरक्षक, प्रमुख समाजसेवी, दिल्ली

**श्री जे.पी. शर्मा**
संरक्षक, समाजसेवी एवं शिक्षाविद्, दिल्ली

**श्रीमती सुमन - श्री अनिल गुप्ता (ISKCON)**
संरक्षक, उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

**श्रीमती प्रेम निझावन**
समाजसेवी, दिल्ली

प्रकाशक एवं सम्पादक
**कल्पना गोयल**

दिग्दर्शक
**दीपेश मित्तल**

कार्यकारी सम्पादक
**तरूण सिंह राव**

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर
**गौरव अग्रवाल**

फोटोग्राफी
**अरविन्द शर्मा**

तारांशु - वर्ष 6, अंक - 10, जुलाई - 2018

# अनुक्रमणिका

विषय | पृष्ठ संख्या

आनन्द वृद्धाश्रम भविष्य निधि योजना / रोशनी : बच्चों के नेत्र शिविर ....................02
अनुक्रमणिका....................03
लेख 1 : उत्तर प्रदेश में तारा नेत्रालय ....................04
लेख 2 : मेरे प्यारे परिजनों ....................05
आनन्द वृद्धाश्रम परिसर में नवीन कार्यकलाप ....................06-10
आनन्द वृद्धाश्रम में पिछले अर्से में प्रवेश लिए कुछ वृद्धजनों की जीवनियाँ....................10-12
हार्दिक बधाई / वृद्धाश्रम हेतु पत्र ....................13
तारा संस्थान योजनाएँ....................14-15
न्यूज ब्रीफ / विनम्र अपील....................16
नेत्रालय मासिक अपडेट्स : मोतियाबिन्द जाँच शिविर ....................17
धन्यवाद / अभिनन्दन ....................18
सम्पर्क सूत्र - तारा संस्थान ....................19

## आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर



श्रीमती कल्पना गोयल ( बाएं ) अपने पूज्य पिता डॉ. कैलाश ''मानव'' की सन्निधि में, साथ में संस्थान सचिव श्री दीपेश मित्तल ( दाएं )

'तारांशु' – स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240–ए, हिरण मगरी, सेक्टर – 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच – III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन – II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक – श्रीमती कल्पना गोयल

# उत्तर प्रदेश में तारा नेत्रालय



श्री जे.पी. शर्मा सा. और उनकी बहू के साथ दिल्ली में

तारा संस्थान या नारायण सेवा संस्थान में जितने भी साल काम करने का अवसर मिला है मैं हमेशा एक बात मानती हूँ कि जो काम हो रहा है उसका महत्त्व तो है ही लेकिन उससे भी ऊपर जो है वह यह कि इस काम में अच्छे लोगों से मिलना होता है। ऐसे लोग जो दिल से करोड़पति अरबपति हैं, ऐसे लोग जिनमें करुणा कूट–कूट कर भरी है... ऐसे लोग जो अपनी गाढ़ी पसीने की कमाई में अपने जरूरी आराम की चीजों में भी कमी करते हैं और फिर पैसा बचा कर दान दे देते हैं। कभी–कभी तो मुझे खुद लगता है कि मैं उनकी जगह होती तो क्या इतनी उदार होती। बस मैं तो नतमस्तक हूँ आप सबके सामने जो आज भी इस भावना को प्रबल बना रहे हैं कि अच्छाई कभी इस संसार से खत्म नहीं होगी।

अभी कुछ समय पहले ऐसे ही बेहतरीन महानुभाव से मिलना हुआ। श्री जे.पी. शर्मा सा. जो अभी दिल्ली में रहते हैं, उन्होंने तारा के दिल्ली के कार्यकर्त्ता अमित शर्मा से बात की थी कि दिल्ली के पास उत्तर प्रदेश के लोनी में उनकी एक जमीन है जिसे वो तारा को दान देना चाहते हैं और उस पर भवन भी बना कर देगें जिसमे तारा संस्थान आँखों का अस्पताल चला सके। अभी कोई विचार नये हॉस्पीटल का तो नहीं था लेकिन उनका मान रखने के हिसाब से बात की। पहली ही बातचीत में उन्होंने जो स्नेह दिया तो ना नहीं हो पाई। मैंने उनसे कहा कि मैं दिल्ली आऊँगी वहाँ पर हम मिलकर बातचीत कर लेंगे। दीपेश जी और मैंने विचार–विमर्श किया कि यदि वो हॉस्पीटल बनाकर दे रहे हैं तो फिर तारा हिम्मत कर सकती है क्योंकि इससे उत्तर प्रदेश के बहुत बड़े इलाके के लोगों को हम फायदा दे सकेंगे। पापा से भी बात हुई उन्होंने भी हाँमी भरते हुए कहा कि प्रतिमाह खर्च जो नये हॉस्पीटल से बढ़ेगा वो हम उस क्षेत्र और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से दान के प्रयास अधिक कर पूरा लेंगे।

मैंने सोचा था कि मैं आराम से दिल्ली चली जाऊंगी पर श्री शर्मा सा. रोज अमित से तकाजा करते और अमित मुझसे कहता कि आप कब आ रहे हो, मैं और दीपेश जी आखिर दिल्ली चले ही गए। श्री शर्मा सा और उनकी बहू से उनके चलाए जा रहे स्कूल में मिले। पहली मुलाकात में ही इतना प्यार और स्नेह मिला जो एक पिता पुत्री को देता है।

श्री जे.पी. शर्मा सा. खुद एक शिक्षक रहे हैं और अभी दिल्ली और गाजियाबाद में उनके 3 स्कूल चलते हैं जिसका संचालन वे अपने बेटे, बहू की मदद से करते हैं। उनकी बहू से भी मिलना हुआ वे भी अपने ससुर जी की इस इच्छा में पूरी साथ थी कि उनकी जमीन पर कुछ अच्छा काम होवें। वहाँ से वे हमें तुरन्त वो जमीन दिखाने ले गए जहाँ वो हॉस्पीटल बनाना चाहते थे। रास्ते में उनसे बात हुई तो आश्चर्य हुआ कि उनके खुद के पास कोई कार नहीं है और उनके घर पर AC भी नहीं है। इतना साधारण जीवन जीने वाले बहुमूल्य जमीन इतने आराम से दान दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह कि उनमें इतनी विनम्रता कि मानो दान लेकर "तारा संस्थान'' उन पर कोई एहसान कर रही हो।

जमीन देखी हाइवे से मात्र 50 मीटर अंदर थी उसके पास ही उन्होंने नारायण सेवा संस्थान को भी एक फिजियोथेरेपी सेंटर बना कर दिया था। जिसमें लगभग 150 मरीज रोज लाभ ले रहे थे। पास में ही श्री शर्मा सा. ने एक भव्य मंदिर परिसर बना रखा है जो कि हरिद्वार के कुछ मंदिरों को भी मात दे दे। कई तरह की झांकियाँ, पुतले और सारे देवी देवता।

मना करने वाली कोई बात ही नहीं थी तो उन्होंने बोला कि आप तारीख बताओ उस दिन जमीन की Registry आपके नाम कर देंगे। मुझे शर्मा सा. कुछ कुछ अपने पापा आदणीय कैलाश जी मानव जैसे लगे, उनको लगन लगी थी अपनी जमीन पर हॉस्पीटल बनाने की। साथ में उनका बेटा भी था वो भी पिता की तरह ही उतना ही खुश था अच्छे काम में जुड़कर। 20 जून, 2018 को उन्होंने मुझे दिल्ली बुलाकर जमीन की Registry करा दी। मैंने उनसे कहा था कि आप भवन बना कर भी दे भी देंगे तो भी हॉस्पीटल हम अगले मई–जून तक प्रारम्भ करेंगे क्योंकि नये आनन्द वृद्धाश्रम भवन के बनने में बहुत खर्च हुआ और नये बुजुर्ग भी आए तो Recurring (प्रतिमाह) खर्च भी बढ़ रहा है। लेकिन उन्होंने 11 जुलाई, 2018 को भूमि पूजन रख लिया है और फिर वे भवन बनाना प्रारम्भ कर देंगे। तारा संस्थान का एक हॉस्पीटल फिर उत्तर प्रदेश में भी प्रारम्भ हो जाएगा।

लोग कहते हैं कि अच्छाई अब घट रही है लेकिन शर्मा सा. जैसे लोग और आप सभी जो हमें निरंतर सहयोग कर रहे हैं वो इस वाक्य को झुठला रहे हैं।

आदर सहित...

**– कल्पना गोयल**



जिसके पास धैर्य है वह जो चाहे वो पा सकता है।

# मुख्य संरक्षक की कलम से....



## मेरे प्यारे परिजनों

आप सबसे तारा संस्थान का वरिष्ठ सदस्य होने के नाते कभी–कभी तारांशु के माध्यम से बात कर लेता हूँ। वरिष्ठता केवल पद की नहीं होती, पद तो इन बच्चों दीपेश और कल्पना ने प्रेमवश मुझे दे दिया वरना मैं तो अपने आपको ठाकुर जी की तरफ से भेजा हुआ संदेशवाहक ही मानता हूँ जो उन्हीं की दी हुई माया, उन्हीं के बनाये हुए कुछ जरूरतमंदों तक पहुँचा रहा हूँ। लेकिन मेरी उम्र की वरिष्ठता है जिसके कारण मैं अपने को बड़ा मानता हूँ, हालांकि मुझे पता है कि आप दानदाताओं में कुछ लोग मुझसे भी बड़े होंगे पर 85 वर्ष की आयु मुझे कइयों से बड़ा बना देती है।

इस माह आपसे बात करने का मन इसलिए भी हुआ की 3 जुलाई को मेरी और पुष्पा जी की शादी की सालगिरह आती है और आज से 4 साल पहले इसी 3 जुलाई को ''तारा'' ने ''शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल'' प्रारम्भ कर मुझे एक बहुत बड़ी भेंट दी थी। शिखर आज हमारे बीच नहीं हैं पर उनके नाम पर जो यह विधवा महिलाओं के बच्चों का स्कूल चल गया उससे न जाने कितने बच्चों की नींव मजबूत हो जाएगी। हमें मालूम है कि मैं, पुष्पा जी, राहुल, भार्गव परिवार या तारा भी सब कुछ नहीं बदल पाएँगे लेकिन जितनी हमारी सामर्थ्य है वो तो कर ही सकते हैं और हमारी सामर्थ्य में आप सब जो तारा से जुड़े हैं उनकी भी तो ताकत जुड़ रही है।

वैसे देखा जाए तो मजा भी तो इसी में है जब कोई गाड़ी कीचड़ में फंस जाती है और बहुत सारे लोग उसे धक्का लगाते हैं तो ''जोर लगा के'' वाला भाव आता है उसमें धवका देने वाला हर व्यक्ति आनन्द से भर जाता है सब अपनी अपनी पूरी ताकत लगाते हैं। ''तारा'' की गाड़ी फंसी तो नहीं है पर न जाने कितने फंसों हुओं को किनारे लगा रहे हैं और हम सब ''जोर लगा के'' धक्का दे रहे हैं, मुझे पता है जितना सुख मुझे मिलता है उतना ही आनन्द आप भी उठा रहे होंगे।

अभी 22 अप्रेल को उदयपुर जाना हुआ नये वृद्धाश्रम के भवन के उद्घाटन में। इतना सुंदर भवन कि हर कोई आकर रहना चाहे। मैंने इन बच्चों से कहा कि खर्चों का ध्यान रखना ऐसा न हो कि तारा लड़खड़ा जाए। इन्होंने विश्वास दिलाया कि हमेशा ध्यान रखेंगे कि एक रुपया भी फालतू ना खर्च हो और लगता है कि बिलकुल ऐसा है क्योंकि इतनी कम वार्षिक आय में 4 आँखों के अस्पताल (उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई व फरीदाबाद) और 3 वृद्धाश्रम (उदयपुर, इलाहाबाद व फरीदाबाद), मैं एक Businessman होकर भी शायद ही चला पाता।

मुझे नहीं पता कि आप लोगों ने तारा का काम रूबरू देखा है या नहीं लेकिन अगर नहीं देखा तो एक बार अवश्य जाकर देखें इसमें मेरा अपना स्वार्थ है क्योंकि आप देखेंगे तो अपने आप आपकी भावना दान देने की बढ़ेगी और तब तारा भी ज्यादा लोगों को फायदा दे पाएगी। और हाँ आजकल ऐसी बहुत सी फर्जी संस्थाएँ भी हैं जो अपने नाम के आगे ''मानव'' लगा कर अपने को नारायण सेवा या तारा से जुड़ा कहते हैं। लगे हाथों आप उनके द्वारा भी किये जा रहे या नहीं किये जा रहे कार्य देख लीजिएगा यदि आपने वहाँ दान दिया हो।

सामान्यतया नकारात्मक बातें नहीं करता लेकिन दिल्ली की ही एक संस्थान ने इस तरह मेरे साथ किया था। सो आप भी सावधान रहें तो क्या दिक्कत है।

कहने को बहुत कुछ है पर अभी बस इतना ही...

**– नगेन्द्र प्रकाश भार्गव**

# आनन्द वृद्धाश्रम परिसर में नवीन कार्यकलाप

तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रम के नवीन परिसर के दिनांक 22 अप्रेल, 2018 को उद्घाटन के साथ ही देश भर से अनेक बुजुर्गों द्वारा प्रवेश हेतु पत्र एवं फोन द्वारा लगातार जानकारी मांगी जा रही है। अब तक अनेक लोगों ने प्रवेश भी पा लिया है। सभी आगंतुक यहाँ की व्यवस्था एवं प्रबंधन से अति संतुष्ट हैं। आनन्द वृद्धाश्रम के वासियों के आवास, भोजन एवं दवाइयों के अतिरिक्त उन्हें अनेक प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रखा जाता है जैसे धार्मिक एवं रमणीय स्थलों पर भ्रमण आदि। इसके अतिरिक्त पिछले दिनों उनके लिए कुछ नवीन कार्यकलाप शुरू करवाए गए हैं जिससे सभी वृद्धजन व्यस्त एवं खुश रहें। नवीन गतिविधियाँ में इण्डोर खेल जैसे कैरम, ताश एवं हाऊजी आदि एवं विशेषकर एक कार्यक्रम 'उमंग' के नाम से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक रखा जा रहा है जिसमें अनेक वरिष्ठ नागरिक बढ़चढ़ कर भाग लेकर आनन्द उठा रहे हैं। इस कार्यक्रम में भजन एवं गीत–संगीत आदि गाए बजाए जाते हैं। तारांशु का नवीन अंक इसी कार्यक्रम पर आधारित है। देखते हैं 'उमंग' की कुछ झलकियाँ अगले पृष्ठों परः



वृद्धाश्रमवासी श्रीमती शांता देवी एक प्रस्तुति देते हुए



अन्य निवासी श्रीमती कविता श्रीवास्तव हारमोनियम पर



एक श्रेष्ठ व्यक्ति कथनी में कम, करनी में ज्यादा होता है।

## आनन्द वृद्धाश्रम परिसर में नवीन कार्यकलाप :



प्रस्तुतियों के बीच सुसज्जित किचन में भोजन प्रसाद की तैयारी



गीत-संगीत के पश्चात बड़े से डाइनिंग हॉल में सामूहिक भोजन का आनन्द

## आनन्द वृद्धाश्रम परिसर में नवीन कार्यकलाप :



भोजन पश्चात् नवीन लाईब्रेरी में कुछ पठन - पाठन



अब दोपहर के विश्राम का समय



फायदा कमाने के लिए न्योते की जरूरत नहीं होती।

**आनन्द वृद्धाश्रम परिसर में नवीन कार्यकलाप :**



शाम 4 बजे उठकर चाय नाश्ते का समय



अब गपशप के साथ कुछ खेल-मस्ती हो जाए

आनन्द वृद्धाश्रम परिसर में नवीन कार्यकलाप :



ताश की बाजी पर बुजुर्ग लोग

## आनन्द वृद्धाश्रम में पिछले अर्से में प्रवेश लिए कुछ वृद्धजनों की जीवनियाँ



श्रीमती शालिनी मिश्रा ('78 वर्ष )

मैं शालिनी मिश्रा, उदयपुर की निवासी हूँ। गृहणी एवं बच्चे पालना गृह चलाकर अपना जीवन यापन करती थी। अच्छा जीवन चल रहा था पर अब उम्र दराज होकर अकेली पड़ गई हूँ और मुझे कोई साथ रखने वाला नहीं है सो स्वेच्छा से आनन्द वृद्धाश्रम में रहने चली आई। इस आश्रम के बारे में जानकारी मुझे तब लगी जब मैं तारा नेत्रालय में आँखों का ऑपरेशन करवाने आई थी। हालांकि मैंने किसी अन्य वृद्धाश्रम के बारे में जानकारी नहीं जुटाई तथा यह मेरा प्रथम वृद्धाश्रम ही है लेकिन अति प्रसन्न हूँ कि उदयपुर में ही मुझे रहने हेतु इतनी सुख–सुविधा युक्त जगह मिल गई है। मैंने तो ऐसे वृद्धाश्रम के बारे में कल्पना भी नहीं की थी। आनन्द वृद्धाश्रम में रहने, खाने एवं चिकित्सा आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था निःशुल्क एवं अति उत्तम है।

मैं मई, 2018 से यहाँ रह रही हूँ तथा किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हुई है। समस्त स्टाफ तथा रहवासी बड़े ही प्रेम तथा सहयोग से मिलजुल कर रहते हैं। इन दिनों कुछ विशेष गतिविधियाँ हमारे लिए शुरू की गई हैं जैसे– ''उमंग'' नामक भजन, गीत–संगीत तथा खेल जैसे हाऊजी तथा ताश, कैरम आदि जो कि मन बहलाने के अच्छे तरीके हैं।

क्रमशः



तीन चीजें जादा देर तक नहीं छुप सकती, सूरज, चंद्रमा और सत्य।

**आनन्द वृद्धाश्रम में पिछले अर्से में प्रवेश लिए कुछ वृद्धजनों की जीवनियाँ :**


**श्रीमती भगवान देई ( 82 वर्ष )**

मैं, दिल्ली निवासी, भगवान की अब उम्र 82 से ऊपर हो गई है। मेरे एक पैर में शुरू से ही खराबी थी फिर भी जैसे–तैसे चल लेती थी लेकिन पिछले 6 माह से परेशानी बढ़ गई है। मेरे तीन लड़के व एक लड़की होने के बावजूद किसी के साथ रहना मुश्किल हो गया। परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं होने की वजह से मुझे एक वृद्धाश्रम की तलाश थी।

एक दिन उदयपुर के भुवाणा के एक परिचित ने आनन्द वृद्धाश्रम के बारे में बताया। कुछ अधिक जानकारी जुटाकर ठीक लगा तो मैं यहाँ चली आई। यहाँ की व्यवस्थाएँ मेरे जैसी वृद्धा के लिए बहुत ही संतोषप्रद है।

मैं सुरेश भण्डारी ऋषभदेव (राज.) का निवासी हूँ। मैंने जीवन का अधिकांश समय पढ़ाई–लिखाई, समाज–सेवा आदि कार्यों में गुजारा। व्यवसाय के रूप में मैरिज ब्यूरो चलाता था। मैं सामाजिक व राजनीतिक विचारक के अलावा एक लेखक व प्रोजेक्ट मेकर भी हूँ। चूँकि मैं अकेला हूँ तो भाई–भतीजों की सलाह पर वृद्धाश्रम में प्रवेश ले लिया। 22 अप्रैल, 2018 में आनन्द वृद्धाश्रम के उद्घाटन से पूर्व अंतरिम रूप से मैं कुछ समय लाठी वृद्धाश्रम में रह कर प्रतीक्षारत था। लाठी वृद्धाश्रम में कोई विशेष सुविधा नहीं थी।

आनन्द वृद्धाश्रम के बारे में मेरे कुछ मित्रों ने बताया था यहाँ की सुविधाएँ निःशुल्क एवं पर्याप्त हैं और चूँकि मैं स्वयं आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हूँ सो यह वृद्धाश्रम मेरे लिए अति उपयुक्त है। धन्यवाद!


**श्री सुरेश भण्डारी ( 60 वर्ष )**


**श्रीमती सुनीता शर्मा ( 70 वर्ष )**

जालंधर (पंजाब) निवासी मैं सुनीता साबुन आदि का व्यवसाय करती थी। अकेले होने के कारण जीवन बहुत ही संघर्षमय हो गया था फिर वृद्धावस्था के कारण काम भी बन्द हो गया। मुझे एक सहारे की आवश्यकता थी। संयोगवश टी.वी. पर तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रम, उदयपुर के बारे में सुना और स्वेच्छा से जून, 2018 में यहाँ प्रवेश ले लिया। यह एक अच्छा निर्णय था क्योंकि मेरी उम्र के लोगों को कौन सहारा देता। आनन्द वृद्धाश्रम में रहते हुए में अति प्रसन्न हूँ। यहाँ आवास, भोजन की व्यवस्था अति सुचारू है एवं पूर्णतः निःशुल्क है।

मैं यहाँ अन्य लोगों के साथ हिल मिलकर रहती हूँ एवं सभी कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेती हूँ विशेष कर इन दिनों शुरू किया गया गीत संगीत व भजन के कार्यक्रम ''उमंग'' में बहुत ही आनन्द आ रहा है। तारा संस्थान के दानदाताओं को बहुत–बहुत धन्यवाद!

## आनन्द वृद्धाश्रम में पिछले अर्से में प्रवेश लिए कुछ वृद्धजनों की जीवनियाँ :

मैं दिल्ली वासी गुरुचरण इस उम्र में अकेली हूँ अतः हम उम्र के साथियों के साथ आनन्द वृद्धाश्रम, उदयपुर रहने चली आई हूँ। मेरा एकमात्र पुत्र है लेकिन वह मेरा ख्याल रखने में सक्षम नहीं है तो मैं मेरा मकान अपनी नाती के नाम करके यहाँ आ गई।

इस वृद्धाश्रम के बारे में यहीं रहे हुए एक परिचित पिंकी ने बताया था। मैं यहाँ पर खुश हूँ और हमउम्र के लोगों के साथ भजन–कीर्तन, पूजा–पाठ आदि करके अपनी जीवन संध्या बीता रही हूँ। यहाँ की सारी सुविधाएँ बेस्ट है। रहना, खाना, दवाइयाँ आदि सुचारू रूप से मिलती है। तारा संस्थान का बहुत–बहुत धन्यवाद!



**श्रीमती गुरुचरण कौर ( 70 वर्ष )**



**श्रीमती शांता देवी शर्मा ( 60 वर्ष )**

मैं शांता देवी शर्मा उदयपुर में खाना बनाने का कार्य करती थी। पहले लोगों के घर–घर जाकर भोजन बनाती थी लेकिन अब उम्र बढ़ने के साथ यह संभव नहीं है ऊपर से स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता है। मेरी एकमात्र बेटी थी वो भी अब इस दुनिया में नहीं रही सो मैं अकेली पड़ने के कारण आनन्द वृद्धाश्रम में चली आई। इस स्थान की जानकारी मुझे टी.वी. चैनलों के माध्यम से मिली। मैं अन्य किसी वृद्धाश्रम में तो नहीं रही लेकिन दावे से कह सकती हूँ कि इतनी अच्छी व्यवस्था शायद ही किसी अन्य जगह पर होगी। ऊपर से आनन्द वृद्धाश्रम पूर्णतः निःशुल्क है।

मैं यहाँ बड़े मजे से रह रही हूँ एवं आनन्द ले रही हूँ विशेषकर एक नवीन कार्यक्रम 'उमंग' का जिसमें हम सब मिलकर प्रतिदिन गीत–भजन आदि गाते हैं। अन्य लोग खेल वगैरह भी खेलते हैं जैसे कैरम, ताश व हाऊजी आदि। तारा संस्थान का आनन्द वृद्धाश्रम निश्चित ही सराहनीय परोपकारी प्रयास है। दानदाताओं का आभार व्यक्त करती हूँ।

कटनी (म.प्र.) निवासी मैं चन्द्रप्रभा सहकारी समिति में लिपिक का कार्य करती थी। रिटायर होने के पश्चात् मैं मेरी बड़ी बहू के साथ रहने लगी किन्तु उसका व्यवहार उचित नहीं होने के कारण मैं आनन्द वृद्धाश्रम, उदयपुर में रहने हेतु जून, 2018 में चली आई।

आनन्द वृद्धाश्रम की जानकारी मुझे टी.वी. चैनलों के माध्यम से प्राप्त हुई। जैसा टी.वी. में देखा, वास्तव में यहाँ की व्यवस्था उससे भी बढ़कर लगी है। स्वच्छ एवं सुन्दर वातावरण के साथ पौष्टिक भोजन तथा दैनिक गतिविधियाँ पूर्णतः आनन्ददायी हैं खासतौर पर इन दिनों भजन–कीर्तन का कार्यक्रम मुझे अति उत्तम लगा है। तारा संस्थान के कार्य बहुत परोपकारी हैं, धन्यवाद!



**श्रीमती चन्द्रप्रभा सराफ ( 65 वर्ष )**



खुद वो बदलाव बनिए जो दुनिया में आप देखना चाहते हैं।


# विवाह की 61वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाईयाँ





तारा संस्थान, उदयपुर के मुख्य संरक्षक श्री नगेन्द्र प्रकाश भार्गव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा भार्गव के विवाह की 61वीं वर्षगांठ 3 जुलाई 2018 को शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर के बच्चों व स्टाफ ने स्कूल के फाउण्डेशन डे के रूप में बड़े हर्षाल्लास से मनाया।


# आनन्द वृद्धाश्रम, उदयपुर में प्रवेश हेतु देशभर से पत्र व फोन आते हैं। नीचे कुछ ताजा पत्रों दिए गए हैः



सेवा में,
मनैजर साहब
तारा संस्थान उदयपुर,

निवेदन यह कि मेरी उम्र आयु 65 वर्ष है
मेरा एक लड़का है मेरी सेवा नहीं करता
मुझे परेशान करता है मेरी बे इज्जत करता है
इसलिये मुझे आप अपने आनन्द आश्रम
में रहने के लिये अनुमति दे मैं आपके
आश्रम के नियमों का पालन करूंगा मुझे
उम्मीद है आप मुझे निराशा नहीं करेंगे
आपका आभारी रहूंगा

आपका निवेदक
अशोक कुमार
ASHOK KUMAR
फोन 83681-36237
गुड़गाव (हरियाणा)
GURGAON - HARYANA



सेवा मे,
01-17/05/18
अध्यक्ष महोदयाजी
तारा संस्थान
सेक्टर-6 हीरण मगरी
उदयपुर (राज)

श्रीमान
नम्र निवेदन है कि मेरे पीताजी श्री मणिकलाल जी नागर
जीनकी उम्र 84 साल है। जो की सभी तरह से स्वस्थ है
उनको आपके संस्थान के वृद्धा आश्रम के अंदर रखने
की आज्ञा चाहता हु मेरे पीताजी उदयपुर के रहने वाले
है एवं उनके चार पुत्र है जीसमें से दो पुत्र उदयपुर
मे व दो पुत्र बाहर रहते है उनको वृद्धा आश्रम मे
रखने का मुख्य कारण है कि वो हम लोगो के साथ
कोई बातचीत नहीं करते है एवं चुपचुप रहते है हमारे मदर
फादर हमेशा से अकेले रहे है और मदर की Death
पहले होने के बाद पापा परीवार के साथ घुलमिल के नहीं रहते
उनको घर के बाहर के लोगो के साथ बातचीत करने के
उपयुक्त यह उचित समझा कि
खुश रहती है इस कारण से मैंने यह उचित समझा
वृद्धा आश्रम मे रह कर वो खुश रहे तो ठीक रहेगा
धन्यवाद
प्रवीण नागर, 17 A Govind Nagar Sector-13 उदयपुर (रा
mobile No 9414621184 P. Nagar

# तारा संस्थान की मानवीय कल्याण प्रकल्प एवं दान सहयोग योजनाएँ












## तारा नेत्रालय (उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई एवं फरीदाबाद)

**नेत्र चिकित्सा सेवा (मोतियाबिन्द ऑपरेशन)**

**01 ऑपरेशन - 3000 रु., 02 ऑपरेशन - 6000 रु., 05 ऑपरेशन - 15000 रु., 07 ऑपरेशन - 21000 रु.**







## आनन्द वृद्धाश्रम (उदयपुर, इलाहाबाद एवं फरीदाबाद)

**आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग)**

**01 माह - 5000 रु., 03 माह - 15000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 वर्ष - 60000 रु.**



अवसर के बिना काबिलियत कुछ भी नहीं है।





# गौरी योजना (विधवा महिलाओं को 1000 रुपये नकद प्रतिमाह)

**गौरी योजना सेवा (प्रति विधवा महिला सहायता)**

**01 माह - 1000 रु., 03 माह - 3000 रु.,06 माह - 6000 रु., 01 वर्ष - 12000 रु.**




# तृप्ति योजना (बुजुर्गों के निवास पर जाकर हर माह राशन सामग्री व 300 रुपया)

**तृप्ति योजना सेवा (प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता)**

**01 माह - 1500 रु. , 03 माह - 4500 रु. , 06 माह - 9000 रु., 01 वर्ष - 18000 रु.**




# शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर



# मस्ती की पाठशाला

**झुग्गी झोपड़ियों के कचरा बीनने वाले बच्चों को शिक्षित एवं सुसंस्कृत बनाने का एक प्रयास**

**एक विधवा महिला के बच्चे की शिक्षा हेतु वार्षिक सहयोग - 12000 रु.**

**झुग्गी झोपड़ी के 1 बच्चे की शिक्षा सौजन्य सहयोग रु. 12000/- प्रति वर्ष**

## न्यूज ब्रीफ :



सुहावने दिन आनंद वृद्धाश्रमवासी फतेहसागर की सैर पर



श्री रमेश बिघुडी जी ( सांसद, दक्षिणी दिल्ली ) 25.06.2018 को अग्रवाल सभा ट्रस्ट, दिल्ली में आयोजित शिविर में



### श्रद्धांजलि

मूलतः बेंगलुरु निवासी 70 वर्षीया श्रीमती राधा देवी जो लगभग 3 वर्षों से आनन्द वृद्धाश्रम में रह रही थी उनका 2 जुलाई, 2018 को आकस्मिक निधन हो गया। तारा परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।



श्री रविशंकर जी अरोड़ा, शालीमार ड्राई-क्लिनर्स, दिल्ली

## विनम्र अपील :

**जैसा कि आपको विदित है तारा नेत्रालय (उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई व फरीदाबाद) जरूरतमंद निर्धनों हेतु आँखों के मोतियाबिन्द के मुफ्त इलाज करते हैं। इसी प्रक्रिया में हमें अनेक महंगी मशीनों व यंत्रों की आवश्यकता पड़ती है वर्तमान में निम्न मशीनों की तुरंत आवश्यकता है, कृपया मुक्तहस्त सहयोग करें।**



### B-SCAN
### बी-स्केन

यह आँख की सोनोग्राफी मशीन है जो विशेष रूप से आँख के पर्दे की जाँच में उपयोग होती है। मोतियाबिन्द के जिन मरीजों में पर्दा नहीं दिख पाता तथा डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं आँख की चोट में यह विशेष रूप से सहायक है।

कीमत रु. **9,00,000/-** ( नौ लाख रुपए )



### OPERATING MICROSCOPE
### ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप

सामान्य भाषा में इसे दूरबीन कहते हैं। आधुनिक मोतियाबिन्द के ऑपरेशन में यह अतिआवश्यक है। इसके द्वारा आँख की कई गुना बड़ी इमेज बनती है जिससे की अति सूक्ष्म सर्जरी भी की जा सकती है।

कीमत रु. **8,38,000/-** ( आठ लाख अड़तीस हजार रुपए )

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 51000 रु.

09 ऑपरेशन - 27000 रु.

06 ऑपरेशन - 18000 रु.

03 ऑपरेशन - 9000 रु.

01 ऑपरेशन - 3000 रु.

### नेत्र शिविर सौजन्य

मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 30 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर - 151000 रु.
चश्मा जाँच - चश्मा वितरण दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.



अगर आप चाहते हैं कि कोई चीज अच्छे से हो तो उसे खुद कीजिये।

नेत्रालय मासिक अपडेट्स :

# मोतियाबिन्द जाँच - ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

तारा संस्थान द्वारा निर्धन वृद्ध बन्धुओं की आँखों में सामान्यतः पाये जाने वाले मोतियाबिन्द के निदान और ऑपरेशन हेतु चयन के लिए शिविर आयोजित किये जाते हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं की स्थिति अधिक ही पीड़ादायक है, क्योंकि प्रथम तो उन्हें मोतियाबिन्द–ऑपरेशन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं है एवं द्वितीय, निर्धनता उनकी चिकित्सा में बड़ा अवरोधक है। तारा संस्थान ने ऐसे निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई व फरीदाबाद स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

## दानदाताओं के सौजन्य से माह जून - 2018 में आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण

### तारा नेत्रालय - उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई व फरीदाबाद में आयोजित शिविर

सौजन्यकर्त्ता : **श्री मनीष जैन, निवासी : अलवर**

### अन्य दानदाताओं के सौजन्य से देशभर में आयोजित शिविर :

**श्रीमती सुशीला देवी गंगवाल - चैन्नई, श्रीमती करुणा पति श्री सत्यनारायण उपाध्याय - उधना, सूरत (गुज.), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण - उदयपुर, श्रीमती सुषमा पति श्री सत्यभूषण जैन - दिल्ली, वर्धमान प्लाजा, मनोहरी देवी बिन्दल चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) - दिल्ली, श्रीमती संतोष पति श्री प्रमोद वर्मा - दिल्ली, शालीमार ड्रायक्लिनर्स - शालीमार पार्क, दिल्ली, गफ्फार मार्केट मोबाईल डीलर एसोशिएशन - नई दिल्ली, श्री विजय कुमार जैन, श्री दिनेश जैन, श्री नमीत जैन, श्री सुरेन्द्र कुमार जैन, श्री राजेन्द्र जैन - दिल्ली**

### स्व. सरदार कुलबन्त सिंह चड्डा की प्रेरणा से "The Ponty Chaddha Foundation" के सौजन्य से आयोजित शिविर :

स्थान : **सचखण्ड नानक धाम (रजि.), गुरुद्वारा रोड, इन्द्रापुरी, लोनी, गजियाबाद**

**जे.एस. मेमोरियल स्कूल, गिरधर एनक्ले, छाबरा कॉलोनी, शालिमार गार्डन, साहिबा बाग, गजियाबाद**

**अग्रवाल धर्मशाला, अग्रवाल मंडी, टटीरी (उ.प्र.)**

इस शिविरों में चयनित सभी रोगियों के तारा नेत्रालय, दिल्ली एवं मुम्बई में निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन करवाए गए हैं। मानवीय सेवा सौजन्य के लिए तारा संस्थान, उदयपुर, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् वेव इन्फ्राटेक, दिल्ली के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है एवं स्व. सरदार कुलबन्त सिंह चड्डा के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

### विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया : **कुल 18 शिविर (देशभर में)**

## कृपया आपश्री सहमति पत्र के साथ अपनी करुणा - सेवा भेजें

**आदरणीय अध्यक्ष महोदया,**

मैं (नाम) ................................................ सहयोग मद / उपलक्ष्य में / स्मृति में ................................................

संस्थान द्वारा संचालित सेवा कार्यों में रुपये ........................ का केश / चैक / डी.डी. नम्बर ........................................

दिनांक ........................ से सहयोग भेजने की सहमति प्रदान करता / करती हूँ।

मेरा पता (नाम) ................................................ पिता (नाम) ................................................

निवास पता ................................................................................................

लेण्ड मार्क ........................ जिला ........................ पिन कोड ........................ राज्य ........................

फोन नम्बर घर / ऑफिस ........................ मो.नं. ........................ ई–मेल ........................

**तारा संस्थान, उदयपुर के नाम पर दान - सहयोग प्रदान करें।**

**हस्ताक्षर**

## AREA SPECIFIC TARA SADHAK

**Sanjay Choubisa**
Area Delhi
Cell : 07821055717

**Gopal Gadri**
Area Delhi
Cell : 07821855741

**Amit Sharma**
Area Delhi
Cell : 07821855747

**Rameshwar Jat**
Area Gurgaon, Faridabad
Cell : 07821855758

**Kamal Didawania**
Area Chandigarh (HR)
Cell : 07821855756

**Ramesh Yogi**
Area Lucknow (UP)
Cell : 07821855739

**Narayan Sharma**
Area Hyderabad
Cell : 07821855746

**Vikas Chaurasia**
Area Jaipur (Raj.)
Cell : 09983560006

**Sunil Sharma**
Area Mumbai, Chennai
Cell : 07821855752

**Suresh Kumar Lohar**
Area Mumbai
Cell : 07821855759

**Prakash Acharya**
Area Surat (Guj.)
Cell : 07821855726

**Kailash Prajapati**
Area Mumbai
Cell : 07821855738

**Deepak Purbia**
Area Punjab
Cell : 07821055718

**Pavan Kumar Sharma**
Area Bikaner & Nagpur
Cell : 07821855740

**Mukesh Gadri**
Area Noida, Ghaziabad
Cell : 07821855750

## 'TARA' CENTRE - INCHARGE

Shri S.N. Sharma
**Mumbai**
Cell : 09869686830

Shri Bajrang Ji Bansal
**Kharsia (CG)**
Cell : 09329817446

Shri Anil Vishvnath Godbole
**Ujjain (MP)**
Cell : 09424506021

Shri Dinesh Taneja
**Bareilly (UP)**
Cell : 09412287735

Smt. Rani Dulani
10-B/B, Viceroy Park, Thakur Village,
**Kandiwali (W), Mumbai** 400 101
Cell : 09029643708

Shri Vishnu Sharan Saxena
**Bhopal (M.P.)**
Cell : 09425050136
08821825087

## TARA SANSTHAN BANK ACCOUNT

ICICI Bank (Madhuban) A/c No. 004501021965 ...... IFSC Code : icic0000045
State Bank of India ..... A/c No. 31840870750........ IFSC Code : sbin0011406
IDBI Bank.............. A/c No. 1166104000009645 . IFSC Code : IBKL0001166
Axis Bank .............. A/c No. 912010025408491 .. IFSC Code : utib0000097
HDFC Bank............. A/c No. 12731450000426.... IFSC Code : hdfc0001273
Canara Bank ........... A/c No. 0169101056462..... IFSC Code : cnrb0000169
Central Bank of India... A/c No. 3309973967 ......... IFSC Code : cbin0283505
Punjab National Bank .. A/c No. 8743000100004834 . IFSC Code : punb0874300
Yes Bank ............... A/c No. 065194600000284 .. IFSC Code : yesb0000651

## DONORS KINDLY NOTE

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers, Kindly inform us at Mobile No. 09549399993 and / or 09649399993

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to Tara Sansthan may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

## HUMANITARIAN ENDEAVORS OF TARA SANSTHAN

### TARA NETRALAYA - Delhi
WZ-270, Village - Nawada, Opp. 720,
Metro Pillar, Uttam Nagar, Delhi - 110059
Mob. : +91 9560626661

### TARA NETRALAYA - Mumbai
Unit No. 1408/7, 1st Floor,
Israni Indl. Estate, Penkarpara,
Nr. Dahisar Check-post, Meera Road,
Thane - 401107 (Maharashtra),
Phone No. 022-28480001, +91 7821855753

### TARA NETRALAYA - Faridabad
Bhatia Sewak Samaj (Regd.),
N.H. - 2, Block - D, N.I.T.,
Faridabad - 121001 (Haryana)
Phone No. 0129-4169898, +91 7821855758

### ANAND VRUDHASHRAM - Udaipur
#344/345, Hiran Magri, (In the lane of
Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House)
Sector – 14, J-BLock, Udaipur - 313001 (Raj.)
Mob. +91 8875721616

### RAVINDRA NATH GAUR ANAND VRUDHASHRAM - Allahabad
25/39, L.I.C. Colony, Tagor Town,
Allahabad - 211022 (U.P.)
Ph. No. (0532) 2465035

### OM DEEP ANAND VRUDHASHRAM - Faridabad
866, Sec - 15A,
Faridabad - 121007 (Haryana)
Mob. +91 7821855758

### SHIKHAR BHARGAVA PUBLIC SCHOOL - Udaipur
H.O. Bypass Road, Gokul Village,
Sector - 9, Udaipur - 313002 (Raj.)
Mob. +91 7229995399

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, जुलाई - 2018
प्रेषण तिथि - 11-17 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर
समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2018-2020
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

## तारा संस्थान के निःशुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग -सौजन्य राशि

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 51000 रु., 09 ऑपरेशन - 27000 रु., 06 ऑपरेशन - 18000 रु., 03 ऑपरेशन - 9000 रु., 01 ऑपरेशन - 3000 रु.

### नेत्र शिविर सौजन्य

मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 30 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर - 151000 रु.
चश्मा जाँच - चश्मा वितरण - दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.

| तृप्ति योजना सेवा ( प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता ) | गौरी योजना सेवा ( प्रति विधवा महिला सहायता ) | आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग ) | वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन मित्ति |
|---|---|---|---|
| 01 वर्ष - 18000 रु. | 01 वर्ष - 12000 रु. | 01 वर्ष - 60000 रु. | 3500 रु. |
| 06 माह - 9000 रु. | 06 माह - 6000 रु. | 06 माह - 30000 रु. | ( एक समय ) |
| 01 माह - 1500 रु. | 01 माह - 1000 रु. | 01 माह - 5000 रु. | |

1,50,000 रु. संचित निधि में जमा करवा कर आप एक विधवा महिला को आजीवन 1000 रु. प्रति माह सहयोग कर पाएँगे

एक विधवा महिला के बच्चे की शिक्षा हेतु वार्षिक सहयोग - 12000 रु.

सहयोग राशि - आजीवन संरक्षक 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 2 मोतियाबिन्द ऑपरेशन,
आजीवन सदस्य 11000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन ( संचितनिधि में )

दान पर आयकर में छूट : तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G के अन्तर्गत आयकर में 50% छूट योग्य मान्य है।

निवेदन : कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, अथवा : अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

| | |
|---|---|
| ICICI Bank (Madhuban) A/c No. 004501021965 | IFSC Code : icic0000045 |
| SBI A/c No. 31840870750 | IFSC Code : sbin0011406 |
| IDBI Bank A/c No. 1166104000009645 | IFSC Code : IBKL0001166 |
| Axis Bank A/c No. 912010025408491 | IFSC Code : utib0000097 |
| HDFC A/c No. 12731450000426 | IFSC Code : hdfc0001273 |
| Canara Bank A/c No. 0169101056462 | IFSC Code : cnrb0000169 |
| Central Bank of India A/c No. 3309973967 | IFSC Code : cbin0283505 |
| PNB Bank A/c No. 8743000100004834 | IFSC Code : punb0874300 |
| YES Bank A/c No. 065194600000284 | IFSC Code : yesb0000651 |

**Pan Card No. Tara - AABTT8858J**

'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

पारस — 'पारस' रात्रि 8:20 से 8:40 बजे

आस्था भजन — 'आस्था भजन' प्रातः 8:40 से 9:00 बजे

आस्था — 'आस्था' रविवार दोपहर 2:30 बजे

संस्कार — 'संस्कार चैनल' दोपहर 2:40 से 2:55 बजे

बुक पोस्ट

Tara तारा संस्थान

डीडवाणिया ( रतनलाल ) निःशक्तजन सेवा सदन
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. +91 9549399993, +91 9649399993
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org
Website : www.tarasansthan.org